आकाशवाणी केन्द्र शिमला

28.11.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू अपने दिल्ली दौरे के दौरान आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भेंट कर सकते हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री की अमित शाह से प्रदेश के लिए लंबित आपदा राहत राशि सहित अन्य मुददों पर बातचीत होने की उम्मीद है। इस बीच मुख्यमंत्री आल इंडिया कांग्रेस कमेटी की कल दिल्ली में शुरू होने वाली बैठक में हिस्सा लेंगे। बीते कल मुख्यमंत्री ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, केसी वेणुगोपाल और राजीव शुक्ला से मुलाकात की।

## दिवस

सशस्त्र बलों और उद्योग के बीच सहयोग को मजबूत करने के लिए आज से नई दिल्ली में दो दिन के रक्षा साझेदारी दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य सरकार और व्यापारियों के बीच तथा व्यापारिक समुदाय के बीच के संबंधों को प्रगाढ करना है। कार्यक्रम में प्रौद्योगिकी और खरीद से जुड़ी दो सौ से अधिक कंपनियां और सौ अधिकारी भाग लेंगे।

## अश्विनी वैष्णव

केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि सोशल मीडिया पर अश्लील सामग्री पर अंकुश लगाने के लिए मौजूदा कानूनों को ओर अधिक सख्त बनाने की जरूरत है। लोकसभा में पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया प्रेस की स्वतंत्रता का बहुत बड़ा माध्यम है लेकिन साथ ही सोशल मीडिया में संपादकीय अंकुश की कमी के कारण अश्लील सामग्री का प्रसारण भी होता है। ओटीटी मंचों की सामग्री के बारे में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमारे देश और जिन देशों से ऐसे सोशल मीडिया आए हैं उनकी संस्कृति में बहुत अंतर है। उन्होंने कहा कि संसद की संबंधित स्थाई समिति को इस मुद्दे पर विचार करना चाहिए और कड़े कानून बनाने चाहिए। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी नियम 2021 अधिसूचित किए हैं जिनमें ओटीटी मंचों के प्रसारकों के लिए आचार संहिता निर्धारित की गई है।

## उपायुक्त

चम्बा के उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने जिला के बीपीएल परिवारों से संबंधित पात्र महिलाओं से प्रदेश सरकार की मातृ शक्ति बीमा योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य निर्धनता की रेखा से नीचे जीवनयापन कर रहे परिवारों की महिलाओं के लिए मुफ्त में बीमा कवर सुनिश्चित करना है। योजना के तहत विवाहित महिला को. पति की मृत्यु पर भी आर्थिक सहायता का प्रावधान है।

योजना

उप–मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने शिमला में एशियन विकास बैंक और जलशक्ति विभाग के अधिकारियों के साथ कागड़ा के शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में निर्माणाधीन उठाऊ पेयजल योजना के कार्य को लेकर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में अवगत करवाया कि मनाई–परगोड़–लंज–नौशेरा उठाऊ पेयजल योजना की निविदा प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। एशियन विकास बैंक द्वारा वित्त पोषित इस योजना पर लगभग 32 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। पठानिया ने अधिकारियों को योजना के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कमांड एरिया डेवलपमेंट के तहत निर्माणाधीन भोगल, धामल और बंडी सिंचाई योजनाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इन सिंचाई योजनाओं का कार्य जुलाई 2025 तक पूरा किया जाए।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अन्य हिस्सों में आज मौसम साफ बना हुआ है। बीते लगभग 2 महीने से वर्षा न होने से शुष्क ठंड बढ़ गई है और कई स्थानों पर तापमान में गिरावट के चलते लोगों को सुबह–शाम कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ रहा है। खासतौर पर जनजातीय क्षेत्रों में रात का पारा शून्य से काफी नीचे दर्ज किया जा रहा है, जिससे प्राकृतिक जलस्त्रोतों का पानी जमना शुरू हो गया है। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान बिलासपुर, हमीरपुर, ऊना और मंडी ज़िलों के कुछ स्थानों पर सुबह–शाम घना कोहरा छाए रहने का यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने 30 नवंबर और दो दिसंबर को राज्य के अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी व वर्षा की संभावना जताई है।

अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है–हिमाचल में बनीं बुखार, संक्रमण, मिर्गी और बीपी समेत 38 दवाआं के सैंपल फेल। दिव्य हिमाचल का शीर्षक है–अब दिसंबर में बोर्ड एग्जाम की तैयारी–छुट्टियों के नए शेड्यूल के कारण परीक्षा की समयसारिणी में भी किया जाएगा बदलाव। हिमाचल दस्तक लिखता है–कांग्रेस के नए अध्यक्ष पर सीएम का दिल्ली में हाईकमान से मंथन।

आपका फैसला ने खबर दी है–भोटा चैरिटेबल अस्पताल बंद करने के विरोध में सड़क पर उतरे लोग। वहीं दैनिक भास्कर के शब्द हैं–अस्पताल बंद होने से नाराज लोगों ने सात घंटे हाईवे किया जाम, प्रदर्शनकारियों पर केस दर्ज।

हिमाचल विधानसभा के शीतकालीन सत्र पर दैनिक जागरण की सुर्खी है–तपोवन में शीतकालीन सत्र 18 दिसंबर से। अमर उजाला लिखता है– शीत सत्र में होंगी चार बैठकें। दैनिक भास्कर और दैनिक सवेरा टाइम्स का एक जैसा शीर्षक है–18 से 21 दिसंबर तक होगा विधानसभा का शीतकालीन सत्र। दिव्य हिमाचल का कहना है–विदेश से लौटते ही विधानसभा अध्यक्ष ने किया ऐलान, राज्यपाल को भेजा प्रस्ताव। पंजाब केसरी के अनुसार–विपक्षी दल भाजपा कई मुद्दों पर घेरेगी सरकार को।

भ्रष्टाचार मामले से जुड़ी खबर पर दैनिक भास्कर की सुर्खी है–सीबीआई ने 10 लाख की रिश्वत लेते बद्दी के ईपीएफओ कमिश्नर समेत तीन को किया अरेस्ट।